मिसाल | आर्थिक कमजोरी के चलते छात्रा ने छोड़ दी थी पढ़ाई, जानकारी हुई तो एसपी ने विद्यालय में कराया दाखिला

# एसपी की मदद से स्कूल जाएगी मैना देवी

**श्रावस्ती, संवाददाता।** श्रावस्ती पुलिस ने मिसाल पेश की है। गरीबी में पढ़ाई छोड़ चुकी छात्रा का एसपी ने न सिर्फ स्कूल में दाखिला कराया है बल्कि उसे साइकिल, कॉपी, किताब समेत अन्य शैक्षिक सामग्री देकर मदद की है।

सिरसिया थाना क्षेत्र के जरवलिया सोहेलवा निवासी मैना देवी पुत्री राम जागे एक गरीब परिवार से है। पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के नाते कक्षा आठ तक की शिक्षा प्राप्त करने के बाद मैना देवी ने पढ़ाई छोड़ने का फैसला किया। अप्रैल में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हुई तो मैना ने अपना दाखिला नहीं कराया।इस की जानकारी जब पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया को हुई तो उन्होंने छात्रा की मदद के लिए हाथ बढ़ाए।


एसपी की ओर से उपलब्ध कराई गई साइकिल व किताबें।

एसपी की ओर से राजकीय इण्टर कालेज गब्बापुर में मैना का कक्षा नौ में दाखिला कराया गया है। साथ ही उसे किताबें, कॉपी, पेन, स्कूल बैग, लंचबाक्स समेत अन्य शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराई है। आने जाने के लिए एसपी ने छात्रा को नई साइकिल भी दिलाई है।